BELIEVERS EASTERN CHURCH WORLD HEADQUARTERS
Office of the Metropolitan, St. Thomas Community, Thiruvalla, Kerala, India.

चरवाहे का पत्र

August/September 2024

सभी आर्चबिशप्स और बिशपगण, याजक, डीकन फॉदर, ईवैन्जलिस्ट, ऑर्डर ऑफ सिस्टर्स एवं विश्वव्यापी बिलीवर्स ईस्टर्न चर्च के सभी विश्वासियों को पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा के नाम में आशिषें और शुभकामनाएँ। आमीन!✠

मसीह में मेरे प्रियों,

बिलीवर्स ईस्टर्न चर्च के मेट्रोपोलिटन पिता के रूप में प्रतिष्ठित होने के पश्चात्, यह मेरा पहला पत्र आपको लिख रहा हूँ। मैं इस पत्र का आरम्भ यह कह कर करता हूँ कि मेरे लिए आपका प्रेम और प्रार्थनाओं के लिए मैं अत्याधिक आभारी हूँ। मैं विशेष रूप से इन दिनों में अपने स्वर्गीय पिता का आभारी हूँ, कि वह हमारे प्रति इतने वफादार रहे हैं, और उनके प्रेम ने हमारा मार्गदर्शन किया है।

मैं इस पत्र में आपका ध्यान कुछ महत्वपूर्ण विषयों की ओर लेना चाहता हूँ।

पहलाः युवा सम्मेलन अक्टूबर 2024

युवा हमारी कलीसिया के भविष्य हैं। यदि वे अपने स्थानीय कलीसियाओं और समुदायों में आध्यात्मिक रूप से मजबूत, जीवंत और सक्रिय हैं, तो हमारी कलीसिया का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, हम अक्टूबर 2024 में युवा सम्मेलन के लिए प्रार्थना, तैयारी और योजना बना रहे हैं, जहाँ विभिन्न डॉयोसिसों के प्रतिनिधित्व करने वाले युवाओं का एक चयनित समूह एकत्रित होगें। कृपया युवा सम्मेलन के लिए तहेदिल से प्रार्थना करें।

अपनी दैनिक पारिवारिक प्रार्थनाओं में इस सम्मेलन के लिए प्रार्थना करें; युवा सम्मेलन समाप्त होने तक अपने स्थानीय कलीसिया में प्रार्थना सभाओं का आयोजन करें। प्रतिभागियों की सुरक्षित यात्रा और सभी तैयारियों के लिए प्रार्थना करें कि हमारे युवाओं को इस सम्मेलन में एक पवित्र जीवन के लिए जागृत किया जा सके।

दूसराः हमारी स्थानीय कलीसियाओं से समर्पित युवा भाइयों और बहनों की अत्याधिक आवश्यकता है कि वे प्रशिक्षित होकर अपने जीवन को पवित्र कलीसिया की सेवा के लिए समर्पित करें। जिस प्रकार यीशु ने कहा, लोगों की आध्यात्मिक जरूरतें महत्वपूर्ण हैं, लेकिन उन जरूरतों को पूरा करने के लिए कुछ ही लोग हैं। तो, हम क्या कर सकते हैं? परमेश्वर से प्रार्थना करें कि वह कई लोगों को भेजे जो उस जरूरत को पूरा कर सकें (संत मत्ती 9:36-38)। हमारी कलीसिया के लिए और हमारे परिवारों के लिए यह एक प्रार्थना निवेदन बन जाए जिसे हम साल भर अपनी सभी प्रार्थना सभाओं में निरंतर प्रार्थना करते रहें। यदि आप माता-पिता हैं, तो अपने बच्चों के लिए प्रार्थना करें कि वे अपना जीवन परमेश्वर की सेवा के लिए समर्पित करें। पहले हमें उदाहरण बनना चाहिए, फिर दूसरे अनुसरण करेंगे।

तीसरा: हमारे मुख्य सेमिनरी, डायोसेसन सेमिनरी और सिस्टर्स ऑफ द क्रॉस प्रशिक्षण केंद्रों के नए अध्ययन सत्र शुरू हो चुके हैं। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रिय भाइयों और बहनों के लिए प्रार्थना करें, कि वे अध्ययन, प्रशिक्षण और परमेश्वर की सेवा के लिए स्वयं को तैयार करने हेतु समर्पित हो सकें।

चौथा: आइए हम पवित्र कलीसिया की वित्तीय जरूरतों के प्रति हाथ बढ़ाने में वफादार रहें। संत पौलुस हमें मकिदानिया की कलीसिया की याद दिलाते हैं, जिन्होंने अत्याधिक गरीबी में भी अपनी क्षमता से अधिक दिया (2 कुरिन्थियों 8:1-5)। हमारी पवित्र कलीसिया भी ऐसे ही हो-जो उदारता से, स्वेच्छा से और ईमानदारी से देने के लिए जाना जाता है, जैसे उस गरीब विधवा ने किया ''अपना सब कुछ दे दिया'' (संत मरकुस 12:41-44)। याद रखें, परमेश्वर हर्ष से देने वालों से प्रेम रखता है (2 कुरिन्थियों 9: 6,7) और वह वादा करता है कि जब हम प्रभु को देते हैं, तो वह स्वर्ग की खिड़कियों को खोल देगा और हम पर अपनी आशिष उंडेलेगा (मलाकी 3:10, 11)।

प्रिय बच्चों, समाप्त करने से पहले, मैं आपको याद दिलाना चाहता हूँ कि एक कलीसिया के रूप में यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने देश, राज्य और क्षेत्र के अगुओं के लिए प्रार्थना करें (1 तीमुथियुस 2:1-4)। आइए हम इसे ईमानदारी से करें। हम हिंसा और अस्थिरता से प्रभावित बांग्लादेश के लिए भी प्रार्थना करें कि देश में जल्द ही शांति और स्थिरता स्थापित हो। कृपया उन प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों के लिए भी प्रार्थना करें कि सृष्टिकर्ता परमेश्वर अपने लोगों पर दया और करुणा करें।

अंत में, प्रिय भाइयों और बहनों, जैसा कि हमारे शान्तिप्राप्त मेट्रोपोलिटन, धन्य अनुस्मरणीय अथनेशियस योहान प्रथम कहते थे, **प्रेरितों के काम की पुस्तक हमारी नींव है**, यह हमारे आर्थोडॉक्स विश्वास के लिए मौलिक मार्गदर्शक है। इस पुस्तक को बार-बार पढ़ें; आइए हम उन सिद्धांतों को व्यक्तिगत रूप से, सामूहिक रूप से, एक स्थानीय कलीसिया के रूप में लागू करें और इस प्रकार एक कलीसिया के रूप में बढ़ें।

जैसे हम आगे की ओर बढ़ते हैं, आइए हम अपनी आँखें पवित्र कलीसिया के प्रभु, मसीह यीशु पर केंद्रित रखें, उन्हें प्रसन्न करने वाला जीवन जीने के लिए दैनिक शक्ति और प्रेरणा प्राप्त करें। होने दे कि पवित्र आत्मा हमारे प्रेम और सेवा के कार्य में हमारा मार्गदर्शन करता रहे और हमारे सभी प्रयास फलदायी हो, स्थायी फल लाए और महिमा, आदर, स्तुति, सम्मान और गौरव पवित्र त्रिएक-पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा को सदा सर्वदा होती रहे। ✠

मसीह में आपका पिता

मोरान मोर शमूएल थियोफिलस
मेट्रोपॉलिटन

तिथि : 12 अगस्त 2024
स्थान : वैश्विक कलीसियाई मुख्यालय

निर्देश: कृपया यह सुनिश्चित करें कि यह सभी क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवादित है और विश्वासियों के प्रोत्साहन के लिए सभी स्थानीय कलीसियाओं में पढ़ा जाए।